SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

*Total No. of Printed Pages : 7*

**Subject Code : 24**

**B23-HN (E)**

**3006**

953323

## 2023

# HINDI (E)

## GROUP–A + B

*Full Marks : 100*
*Pass Marks : 30*

*Time : 3 hours*

*[For Candidates offering as an Elective Subject]*

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

## GROUP–A

*Full Marks : 50*
*Pass Marks : 15*

*Time : 2 hours*

*[For Candidates offering in lieu of MIL]*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

## GROUP–A

## (खण्ड – क)

**(पूर्णांक : 50)**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : $1 \times 4 = 4$

   (क) कबीर दास के अनुसार पण्डित कौन है ?

   (ख) मीराँ ने अपने मान रखने के लिए प्रभु से क्या प्रार्थना की है ?

   (ग) रामवृक्ष बेनीपुरी जी के द्वारा विरचित पठित पाठ का नाम क्या है ?

   (घ) छोटे जादूगर ने जिस मैदान में जादू का प्रदर्शन किया था, उसका नाम क्या था ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : $2 \times 9 = 18$

   (क) सत्य के संबंध में बेनीपुरी जी की क्या धारणा है ?

   (ख) 'आज तुम्हारा खेल जमा क्यों नहीं है ?' इसके उत्तर में छोटे जादूगर ने क्या कहा था ?

   (ग) भोलाराम की बीमारी क्या थी ?

   (घ) यमदूत ने भोलाराम के जीव के लापता होने के संबंध में क्या बताया है ?

   (ङ) बच्चों के कोमल पाँवों के स्पर्श से सड़क के कौन-से भाव बनते हैं ?

   (च) 'सड़क संसार की कोई भी कहानी पूरी नहीं सुन पाती हैं ।' क्यों ?

   (छ) पठित कविता के आधार पर कलम की शक्ति को रेखांकित करो ।

   (ज) मृत्तिका कब मातृरूपा बन जाती है ?

   (झ) 'तुम पुरुषार्थ करते मनुष्य हो' – यहाँ कवि मनुष्य के संबंध में क्या कहना चाहते हैं स्पष्ट करो ।

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

3. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या करो : 4 × 2 = 8

(क) राम नाम रस पीजै मनुआँ, राम नाम रस पीजै,
तब कुसंग सतसंग बैठ णित हरि चरचा सुण लीजै ।
काम क्रोध मद लोभ मोह कूँ, बहा चित्त सूँ दीजै ।
मीराँ के प्रभु गिरधर नागर, ताहि के रंग में भीजै ।।

अथवा

म्हाँरे घर आवौ सुन्दर श्याम ।
तुम आया बिन सुध नहीं मेरो, पीरी परी जैसे पाण ।
म्हाँरे आसा और ण स्वामी, एक तिहारो ध्याण ।
मीराँ के प्रभु वेग मिलो अब, राषो जी मेरो माण ।।

(ख) सत गुरु की महिमा अनँत, अनँत किया उपगार ।
लोचन अनँत उघाड़िया, अनँत दिखावनहार ।

अथवा

जा घट प्रेम न संचरै, सो घट जान मसान ।
जैसे खाल लोहार की, साँस लेत बिनु प्रान ।

4. 'छोटा जादूगर' शीर्षक कहानी के संदेश को स्पष्ट करो । 4

अथवा

'सुंदर सृष्टि हमेशा बलिदान खोजती है, बलिदान ईंट का हो या व्यक्ति का ।' 'नींव की ईंट' शीर्षक लेख में लेखक ने किस बलिदान की ओर संकेत दिया है – स्पष्ट करो ।



SPM & LALAN'S COACHING FOR SUCCESS

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : $1 \times 2 = 2$

नौ-दो ग्यारह होना ; अपने पावों पर खड़ा होना ; घोड़ा बेचकर सोना ; दंग रह जाना

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के लिंग-परिवर्तन करो : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

शिक्षक ; कवि ; महिला ; श्रीमान ; नायिका ; धोबी ; बन्दर

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संधि करो : $1 \times 2 = 2$

उत् + लास ; जगत् + नाथ ; इति + आदि ; देव + ऋषि

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के बहुवचन-रूप बनाओ : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

वस्तु ; नारी ; दवा ; लड़का ; पुस्तक ; घड़ी

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

कपड़ा ; पर्बत ; सरस्वती ; नदी ; आकाश ; घर ; बिजली

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

(च) निम्नलिखित उपसर्गों और प्रत्ययों को जोड़कर एक-एक शब्द बनाओ : (किन्हीं चार) $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

अधि ; परा ; अनु ; आई ; ता ; पन

(छ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के विपरीतार्थक शब्द दो : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

निंदा ; स्थूल ; दोस्त ; विष ; धनी ; सौभाग्य ; कठिन

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करो : $1 \times 2 = 2$

(i) आपका दर्शन हुआ ।

(ii) वह आज घर वापस नहीं लौटा है ।

(iii) आप बाहर आइए ।

(iv) मैंने रोटी खाया है ।

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

## GROUP – B

## (खण्ड – ख)

(पूर्णांक : 50)

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : $1 \times 5 = 5$

(क) महादेवी जी ने किसको नीलकंठ कहा है ?

(ख) "मयूर कलाप्रिय वीर पक्षी है, हिंसक मात्र नहीं ।" – इसका उदाहरण महादेवी जी ने क्या कहकर दिया है ?

(ग) महादेवी जी ने किसके लिये 'बड़े मियाँ' शब्दों का प्रयोग किया है ?

(घ) नरेन्द्र शर्मा द्वारा रचित पाठ्य कविता का नाम लिखो ।

(ङ) कवि ने किसे ठोकर मारने की बात कही है ?

7. अधोअंकित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : $2 \times 8 = 16$

(क) अपने प्रिय तारों के टूटने पर अम्बर क्यों शोक नहीं मनाता है ?

(ख) 'जो बीत गयी' कविता का क्या संदेश है ?

(ग) कवि ने कायरता को प्रतिहिंसा से अधिक अपवित्र क्यों कहा है ?

(घ) 'युद्धं देहि कहे जब पामर,
दे न दुहाई पीठ फेर कर !' – यहाँ कवि क्या कहना चाहते हैं ?

(ङ) सत्य का सही तोल क्या है ? 'कायर मत बन' कविता के आधार पर स्पष्ट करो ।

(च) चिड़ियावाले के चरित्र की किन्हीं दो विशेषताएँ लिखो ।

(छ) नीलकंठ ने खरगोश के बच्चे को साँप के चंगुल से कैसे बचाया था ?

(ज) जाली के बड़े घर में रहनेवाले जीव-जन्तुओं के आचरण की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख करो ।

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

8. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो : 5

नीलकंठ की मृत्यु के पश्चात् महादेवी जी ने उसका अंतिम संस्कार कैसे किया है – स्पष्ट करो ।

**अथवा**

'पशु-पक्षियों के रूप, स्वभाव, व्यवहार तथा चेष्टाओं से लेखिका महादेवी जी भली-भाँति परिचित थी ।" – पाठ के आधार पर इस उक्ति की सार्थकता को स्पष्ट करो ।

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखो : 8

(क) अनुशासन और विद्यार्थी

(ख) पर्यटन की आवश्यकता

(ग) प्रदूषण की रोकथाम

(घ) महात्मा गाँधी

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

10. बरसात के समय विद्यालय की श्रेणी-कक्षा में खिड़कियों से पानी आकर भर जाता है, जिसके कारण श्रेणियाँ रद्द कर दी जाती हैं । इसकी शिकायत दर्ज करने हेतु विद्यालय के प्रधान शिक्षक अथवा प्रधान शिक्षिका के नाम पर उनकी मरम्मत के लिये एक प्रार्थना पत्र लिखो । 5

**अथवा**

महात्मा गाँधी पर बनायी गयी एक पुरस्कृत फिल्म अपने नगर के सिनेमा-हॉल में प्रदर्शित हो रही है । अपनी कक्षा के कक्षा-प्रतिनिधि की हैसियत से उस फिल्म को देखने की अनुमति (अपनी कक्षा की अंतिम दो कक्षाओं को रद्द कर) देने की प्रार्थना कर अपने विद्यालय के प्रधान शिक्षक या प्रधान शिक्षिका के नाम पर एक प्रार्थना-पत्र लिखो ।

SPM & LALAN'S
COACHING FOR SUCCESS

11. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दो :

साक्षरता का अर्थ है अक्षर-ज्ञान । अक्षर ब्रह्म है, इसके अर्थात् अक्षर-ज्ञान के बिना मनुष्य अधूरा है । मनुष्य इसलिए मनुष्य बनता है कि उसके पास ज्ञान की ताकत है । निरक्षर व्यक्ति हमेशा दु:खी होता है, वह समाज पर निर्भरशील होकर पग-पग पर कठिनाइयों का सामना करता है । वह पत्र, सूचना अथवा समाचार-पत्र नहीं पढ़ सकता है । अतः वह बाहर नहीं जा सकता है, सहायता के लिए मुँह ताकता तथा दुनिया का हाल नहीं जान सकता है । साक्षरता से मनुष्य को खुशी ही खुशी मिलती है; लेकिन पूर्ण साक्षरता आयेगी कैसे ? बड़े-बूढ़े भी पढ़ें, तथा समाज की नयी पीढ़ी के लोग आगे आकर लोगों को (निरक्षरों को) सेवा-भाव से पढ़ाएँ । उसके लिए बच्चों को भी स्कूलों में अवश्य भेजा जाये । सरकार भी साक्षरता का कार्यक्रम हाथ में ले रही है; पर सरकार पर निर्भर रहना ठीक नहीं है । असली कर्म वही है, जो सेवा-भाव से, समर्पित होकर किया जाए ।

प्रश्नावली :

(क) उपर्युक्त गद्यांश का एक सार्थक शीर्षक दो । 1

(ख) साक्षरता का अर्थ क्या है ? 1

(ग) साक्षरता से क्या-क्या लाभ मिलते हैं ? 2

(घ) निरक्षर व्यक्ति दु:खी क्यों होते हैं ? 1

(ङ) पूर्ण साक्षरता के उपाय क्या-क्या हैं ? 1

12. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में करो : $1 \times 5 = 5$

(a) Hindi is the official language of India.

(b) It is also regarded as the national language of the country.

(c) It is spoken by a large number of people of India.

(d) Hindi is a simple and rich language.

(e) I can speak Hindi very well.